# भगवान के दर्शनों के साथ लोगों ने शुरू किया नववर्ष




नववर्ष-2023 की अलसुबह राजधानी जयपुर के आराध्यदेव गोविंददेवजी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। लोगों ने भगवान से आशीर्वाद लेकर अपने घर-परिवार की सुख-शांति की कामना की। उधर खोले के हनुमान मंदिर में भी दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां भगवान को पौषबड़ा प्रसादी का भोग लगाने के बाद करीब 70 हजार भक्तों में भी प्रसादी वितरित की गई।

# तीन जिलों में 11 नए करोना संक्रमित मिले

- सर्वाधिक 9 मामले जयपुर में पाए गए हैं।
- सोमवार को एक्टिव केस बढ़कर 79 हो गये है

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में रविवार को तीन जिलों में 11 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच किसी भी मरीज के रिकवर नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 79 हो गए हैं। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से कोई मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में रविवार को जयपुर में 9 तथा दौसा और उदयपुर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इससे पहले राज्य में शनिवार को 15 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में आज सबसे ज्यादा 5 नए संक्रमित बस्सी में मिले हैं। इसके अलावा जमवारामगढ़ और झोटवाड़ा में 1-1 नया मरीज सामने आया है। वहीं 2 संक्रमितों का पता गलत मिलने पर उन्हें ट्रेस नहीं किया जा सका है। प्रदेश में सोमवार को कोई संक्रमित ठीक नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 79 हो गए हैं। राजधानी जयपुर में भी कोई मरीज रिकवर नहीं होने से 63 एक्टिव हो गए हैं। प्रदेश में रविवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की मौत हो चुकी है।

# पेट्रोलियम क्षेत्र में करीब 6200 करोड़ का नया निवेश : डॉ.अग्रवाल

- 'कुल 22838 करोड़ रु. के निवेश कार्य जारी'
- 'नए निवेश से एक्सप्लोरेशन, तेल उत्पादन , रोजगार व राजस्व की नई राह खुली'

**जयपुर,** (का.सं.)। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइन्स एवं पेट्रोलियम डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया है कि राज्य में पेट्रोलियम क्षेत्र में करीब 6200 करोड़ का नया निवेश किया जा चुका हैं। प्रदेश में चार निवेशकों द्वारा 22838 करोड़ के निवेश कार्य जारी है।

एसीएस माइंस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि विभागीय प्रयासों से इंवेस्ट राजस्थान के तहत पेट्रोलियम क्षेत्र में केयर्न वेदांता द्वारा 20 हजार करोड़ रु., ऑयल इण्डिया द्वारा 663 करोड़ रु., ओएनजीसी द्वारा 1050 करोड़ रु. और फोकस एनर्जी द्वारा 1125 करोड़ रु. के नए निवेश के प्रस्तावों पर करार किया गया था। उन्होंने बताया कि चारों ही निवेशक कंपनियों के निवेश को धरातल पर लाना शुरु कर दिया हैं और 6 हजार 200 करोड़ रु. के निवेश कार्य किये जा चुके हैं और चरणवद्ध तरीके से निवेश कार्य प्रगति पर है।

एसीएस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश पर जोर दिया जिसके क्रम में विभाग द्वारा इंवेस्ट राजस्थान के दौरान नए निवेश लाने के साथ ही उन्हें धरातल पर भी लाने के लिए निरंतर समन्वय व मोनेटरिंग का परिणाम रहा कि चारों निवेशकों ने तत्काल कार्य आरंभ कर दिया।

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि पेट्रोलियम क्षेत्र में सबसे अधिक निवेश केयर्न वेदांता द्वारा किया जा रहा है। 20 हजार के निवेश करार के विरुद्ध अब तक बाड़मेर और जालौर जिले में पीएमएल और पीईएल ब्लॉक में एक्सप्लोरेशन और अन्य विकास कार्य किये जा रहे हैं। इसमें से 5671 करोड़ रुपए के कार्य किये जा चुके हैं। इसी तरह से फोकस एनर्जी द्वारा 1125 करोड़ रु. के निवेश कार्यों के विरुद्ध 113 करोड़ रु. के निवेश कार्य जैसलमेर ब्लॉक में किए जा रहे हैं।

एसीएस डॉ. अग्रवाल ने बताया कि ओएनजीसी द्वारा प्रदेश में 1050 करोड़ रु. के निवेश कार्य किए जा रहे हैं जिसमें से 212 करोड़ रु. से अधिक निवेश कार्य बीकानेर व जैसलमेर की पीएमएल व पीईएल में एक्सप्लोरेशन और उत्पादन कार्य किया गया है। इसी तरह से ऑयल इण्डिया द्वारा 663 करोड़ के निवेश लक्ष्य के विरुद्ध जैसलमेर में 144 करोड़ से अधिक के कार्य किए जा चुके हैं।

## जनजाति क्षेत्र में बनेंगे अत्याधुनिक छात्रावास

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्य सरकार प्रदेश के जनजाति क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विभिन्न योजनाओं के लिए 14.80 करोड़ रुपए के अतिरिक्त वित्तीय प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। इससे क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए छात्रावास, कक्षा कक्षों का निर्माण कराने सहित खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

गहलोत की इस स्वीकृति से उदयपुर के चित्रकूट नगर में 7 मंजिला छात्रावास (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विद मॉडर्न फैसेलिटिज) तैयार होगा। इसमें 120 छात्राओं के लिए रहने की सुविधा होगी। यहां दो मंजिला बेसमेंट बनेंगे, जिनमें बास्केटबॉल, वॉलीबॉल एरिना, जिम की सुविधा मिलेगी। भूतल पर स्वागत कक्ष, प्रतीक्षा कक्ष और दो कमरे तैयार होंगे।

# कांग्रेस के शासनकाल में जंगलराज बना राजस्थान : रामचरण बोहरा




सांसद रामचरण बोहरा ने रविवार को आदर्श नगर विधानसभा में जनाक्रोश महासभा को संबोधित किया।

**जयपुर** (का.सं.)। जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा ने आदर्श नगर विधानसभा में विशाल जनाक्रोश महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में पिछले 4 सालों में कांग्रेस राज में बेरोजगारी, बलात्कार, भ्रष्टाचार,पेट्रोल-डीजल और बिजली की कीमतों में सबसे अधिक बढ़ोतरी हुई।

सांसद बोहरा ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के कुशासन ,भ्रष्टाचार व जंगलराज से परेशान है। कांग्रेस सरकार पेपर लीक सरकार बन गयी है। ये सरकार पेपर लीक करने वाले आरोपियों को राजनैतिक संरक्षण प्रदान कर रही है सरकार की विफलता के चलते पेपर लीक हो रहे हैं। अब तक 4 सालों में 16 बार पेपर लीक हो चुके हैं। यह सरकार झूठे वादे करके सत्ता में आई है किसानो के कर्जा माफी के 10 दिन अभी तक पूरे नहीं हुए हैं किसान आज भी पिछले 4 सालों से कर्जा माफी का इंतजार कर रहे हैं। देश में पेट्रोल डीजल के सबसे ज्यादा दाम राजस्थान में है और सबसे महंगी बिजली भी राजस्थान में है। आज राजस्थान में कई प्रकार के माफिया पनप गए हैं चाहे वह बजरी माफिया हो भूमाफिया हो या नकल माफिया हो। आज राजस्थान नकल माफियाओं का अड्डा बन गया है। राजस्थान सरकार का लक्ष्य पिछले 4 सालों में सिर्फ कुर्सी बचाने पर रहा है जिन 90 विधायकों ने इस्तीफे दिए थे अब वह इस्तीफे वापस ले रहे हैं जो कि अलोकतांत्रिक है।

जन आक्रोश सभा में सांसद जसकौर मीणा, पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, जयपुर जिला उपाध्यक्ष केदार शर्मा, बृज किशोर उपाध्याय सोमकांत शर्मा एवं रवि नैयर उपस्थित रहे।



राजधानी जयपुर में नववर्ष पर खरीददारी व पर्यटन स्थल घूमने के लिए लोग सड़कों पर निकले। रविवार की छुट्टी के दिन परकोटे की सड़कों पर जगह-जगह भारी ट्रेफिक जाम लग गया। यूं तो सड़कों पर वाहनों की कतार व रैला हर किसी को परेशान करने और चुभने वाला होता है, लेकिन जब बड़ी चौपड़ का ट्रेफिक जाम का नजारा हवामहल की खिड़की से लिया गया तो ऐसा लगा जैसे किसी ने इसे हैरिटेज फोटो में कैद किया हो। फोटो-राष्ट्रदूत

# नए वर्ष का शुभारंभ नए संकल्प के साथ हो : सुनील सागर

**जयपुर,** (का.सं.)। दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संघी सांगानेर में नववर्ष-2023 के शुभारंभ पर परम पूज्य आचार्य 108 सुनील सागरजी महाराज ने रविवार को हुई धर्म सभा में उपस्थित जन समूह को नए साल का मंगलमय आशीर्वाद देते हुये अपने मांगलिक प्रवचनों में कहा कि नए वर्ष को नए उत्साह, नए संकल्पों के साथ शुरू कीजिये। हमें नई आस्था, नई उपलब्धियों के साथ हमें उगते हुये सूरज को निहारते हुये नववर्ष में प्रवेष करना चाहिए, जो उगते हुए सूरज को देखता है वही उचांइयों को छूता है। हमें अपने जीवन को सदसंकल्पों से जोड़कर धर्म की धारा में बह जाना है और धर्म आपको डूबने नहीं देगा बल्कि आपके जीवन को पार लगा देगा। हमें आज के दिन स्वचिन्तन भी करना चाहिए कि बीते सालों में हमने अपनी आत्मा का कितना विकास किया। आदमी पैसा कमाना तो चाहता है लेकिन मेहनत नही करना चाहता, जीवन में सुख शान्ति तो चाहता है लेकिन साधनों को बढावा दे रहा है, ज्ञान तो चाहता है लेकिन गुरू की संगत और शास्त्राभ्यास नही चाहता तो बताओं इनसे तो सुख शान्ति कैसे मिल सकती है। हमें कि धन-धर्म-ज्ञान चाहिये तो सच्ची मेहनत, गुरू का आशीर्वाद और स्वाध्याय पर जोर देना होगा। तभी हमारी आत्मा का कल्याण संभव हैं। मानद मंत्री सुरश कासलीवाल ने बताया कि आज देवाधिदेव आदिनाथ भगवान के प्रथम अभिषेक का सौभाग्य समाजश्रेष्ठी सतीष-नीलिमा,नमन,लवी गोधा समाचार जगत परिवार को प्राप्त हुआ। धर्मसभा में आदिनाथ भगवान के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, आचार्य संघ को शास्त्र भेंट,पादप्रक्षालन का समाजश्रेष्ठी राजीव-सीमा जैन गाजियाबाद वाले परिवार को प्राप्त हुआ। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जयपुर अध्यक्ष संजय जैन भी मौजूद रहे।


**खोया पाया**

लक्ष्मण झूंरी कच्ची गृह-निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड की योजना गणेश नगर-जी प्लॉट नं.10, गणेश नगर-जी नांगल जैसा बोहरा जयपुर के मूलपट्टा, रशीद एवं साइट प्लान गुम हो गए। सूचित- कपिल देव, 9636182211

**NAME CHANGE**

I Manish Belani S/o Dayal Das Belani residing at 1782, Biscuit Factory Compound Outside Jorawar Singh Gate, Amer Road, Jaipur 302002 (Raj.). Do hereby solemnly affirm and state that I have changed my name from Manish Kumar to Manish Belani In future I will be known and called by my changed name.





# नववर्ष पर गुलाबी नगरी में निकलेगी भगवान श्री कृष्ण बलराम की शोभा यात्रा

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान के खुबसूरत शहर जयपुर में नववर्ष पर श्रीकृष्ण बलराम की भव्य शोभा यात्रा निकली जाएगी। मंदिर प्रबन्धन द्वारा एक भव्य एवं सुन्दर झांकी सजाई जाएगी, जिसे भक्तो द्वारा रस्सी से खींच कर आगे बढ़ाया जायेगा। झांकी श्री कृष्ण बलराम एवं गौर निताई विराजमान रहेंगे, एवं हरे कृष्ण मूवमेंट के संस्थापकाचार्य श्रील प्रभुपाद का विग्रह भी विराजमान रहेंगे।

हरे कृष्ण मूवमेंट राजस्थान के अध्यक्ष अमितासन दास ने बताया कि यह कार्यक्रम 2 जनवरी सोमवार को शाम 4 बजे से जयपुर के चौड़ा रास्ता पर स्थित राधा दामोदर मंदिर से प्रारम्भ होगा। इस आयोजन को लेकर समाजजनों और भक्तों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अध्यक्ष अमितासन दास ने सभी भक्तों से अनुरोध किया कि वे इस यात्रा में भगवान को पत्र एवं पुष्प अर्पित करते हुए एवं हरिनाम संकीर्तन में शामिल हो करके भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें।

शोभा यात्रा का शुभारम्भ 2 जनवरी, शाम 4 बजे हरिनाम संकीर्तन के साथ जयपुर के चौड़ा रास्ता पर स्थित राधा दामोदर मंदिर से होगा। यात्रा बापू बाजार, जौहरी बाजार से होते हुए त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़ होते हुए रूप चतुर्भुज मंदिर पर समाप्त होगी। यहां पर महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा।

शोभा यात्रा का शुभारंभ झांकी के आगे नारियल फोड़कर एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ भगवान की पूजा से होगा। रस्सियों से झांकी को खींचकर शोभा यात्रा शुरू की जाएगी। शोभा यात्रा में अनेको कीर्तन समूह करतल एवं मृदंगा के साथ भगवान के हरीनाम संकीर्तन का करेंगे। इस यात्रा के मार्ग में कई स्थानों पर अनेकों संस्था एवं संगठनों द्वारा झांकी का स्वागत एवं भक्तों के लिए प्रसाद एवं जलपान की व्यवस्था की जाएगी।

भगवान की झांकी के आगे राजस्थानी ऊंट ,घोड़े आगे चलेंगे तथा शहर का प्रसिद्ध बैंड भी शामिल होंगे एवं मंदिर प्रबन्धन द्वारा बनाये गये झांकी को भव्य रूप से फूलों से सजाया जाएगा। झांकी के आगे सुंदर रंगोली बनायीं जाएगी। शोभा यात्रा के दोरान प्रसाद का वितरण पूरी यात्रा में होगा।








वीरता एवं शौर्य की धरती मेवाड़ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां और केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने मिशन-2023 को लेकर हल्दीघाटी रक्ततलाई, वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप को नमन कर जन आक्रोश सभा का शंखनाद किया। स्थानीय लोगों ने प्रतीक स्वरूप उन्हें भाला भेंट किया। इस मौके पर राजसमंद सांसद दीयाकुमारी मौजूद थीं।